आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2025 / संजय / 11.00 बजे

प्रादेशिक समाचार

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन आज सत्र की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे आरंभ होगी। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इसमें बजट अनुमानों और अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण व चर्चा होगी। इसके अलावा प्रदेश मंत्रिमंडल की एक अहम बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में प्रस्तावित है।

राजीव भारद्वाज

पोषण पखवाड़ा 2021 के दौरान आयुष मंत्रालय ने राज्य सरकारों के सहयोग से हिमाचल प्रदेश सहित 6 राज्यों के 21 जिलों में 1 लाख 10 हजार औषधीय पौधों का रोपण किया है। ये जानकारी केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मन्त्री सावित्री ठाकुर ने लोकसभा में सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के एक सवाल के जवाब में दी। उन्होंने बताया की पोषण मिशन के अन्तर्गत जिला स्तरीय पोषण समितियों का गठन किया गया है जोकि पोषण वाटिका के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष भर हरी सब्ज़ियां, फल, नट्स, हर्ब्स और औषधीय पौधों की उपलब्धता को सुनिश्चित करती है।

पैराग्लाडिंग

बिलासपुर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ कल स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिलासपुर की बंदला धार स्थित पैराग्लाइडिंग साइट को एक्रोबेटिक उड़ानों के लिए सबसे उत्तम माना गया है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बिलासपुर को एक नई पहचान मिलेगी। साथ ही स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं को नए अवसर मिलेंगे।

अनिरूद्ध सिंह

बीपीएल परिवारों के चयन में पारदर्शिता लाने के लिए प्रदेश सरकार ने नई अधिसूचना में व्यवस्था परिवर्तन का प्रयास किया गया है। जिसके लिए पहली अप्रैल से बीपीएल की नई सूचियां तैयार करने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी और पिछली सूचियां निरस्त हो जाएगी। ये जानकारी देते हुए ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि बीपीएल के चयन बारे सरकार को काफी शिकायतें आ रही थी जिस पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है।

## तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। तपेदिक दिवस के लिए इस वर्ष की थीम है "हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं–प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास "। इस अवसर पर राज्य स्तरीय विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के 20 स्कूलों के 200 से अधिक बच्चे प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन और स्किट जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

## स्नो मैराथन

11 हजार फीट की ऊंचाई पर लाहौल स्पीति के सिस्सू में विश्व के सबसे ऊंचे और एशिया के एकमात्र स्नो मैराथन के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया जिसमें अधिकतर खिताब डिफेंस फोर्सिस के नाम रहे। इस आयोजन में 42 किलोमीटर की स्नो मैराथन, 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें इंडियन आर्मी, इंडियन ऐयरफोर्स, आईटीबीपी, एसएसबी, बीआरओ सहित देश के कोने कोने से प्रोफेशनल्स धावक और फिटनेस प्रेमियो के साथ कुल 247 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मैराथन के आयोजक राजीव कुमार ने बताया कि हिमालयन कंजर्वेशन के प्रति सजगता प्रदान करने और लाहौल स्पीति में पर्यटन के साथ साथ साहसिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए ये आयोजन किया जा रहा है।

## परिवहन कर्मचारी

हिमाचल परिवहन तकनीकी कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से निगम की वर्कशॉप में खाली पड़े तकनीकी पदों को भरने सहित उन्हें अन्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है। चम्बा जिला मुख्यालय में आयोजित हिमाचल परिवहन तकनीकी कर्मचारी संगठन के स्थापना दिवस समारोह के दौरान कर्मचारियों कहा कि वर्तमान में तकनीकी कर्मचारियों के 1 हजार 900 पद खाली हैं जिससे परिवहन तकनीकी कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ गया है।

## कृत्रिम त्वचा/आई आई टी

आइआइटी मंडी के शोधकर्ताओं व छात्रों ने एक बहुउदेशीय रोबोटिक हाथ का मॉडल तैयार किया है जिसमें लगाई गई कृत्रिम त्वचा सभी प्रकार की संवेदनाओं का अहसास भी करवाएगी। ये जानकारी देते हुए आइआइटी मंडी के स्कूल ऑफ कम्पयूटिंग एंड इलैक्ट्रिकल इंजीनीयरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर श्रीकांत ने बताया कि भविष्य में यह मॉडल जहां मेडिकल क्षेत्र में डाक्टरों व नर्सों के लिए एक अस्स्टिंट की तरह काम करेगा, वहीं रोबोटिक हैंड पर लगाई गई कृत्रिम त्वचा हाथ में पकड़ी सभी चीजों को महसूस करने में पूरी तरह से सक्षम होगी। इससे इंसान के शरीर पर लगने वाले कृत्रिम अंग अब सिर्फ कृत्रिम ही नहीं रहेंगे बल्कि उन पर लगी त्वचा से हर स्पर्श को महसूस किया जा सकेगा।